Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite the work related to Kumbh Mela.

श्री नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल (फूलपुर): महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

मेरे फूलपुर लोक सभा क्षेत्र में ही गंगा, यमुना और सरस्वती मिलती हैं, जिसको पूरे विश्व में संगम के नाम से जाना जाता है। इसे सभी तीर्थों का राजा प्रयागराज भी कहा जाता है। यह प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राम मनोहर लोहिया, पंडित जनेश्वर मिश्रा और राम पूजन पटेल जी की भी कर्म भूमि रही है। बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि माँ गंगा-यमुना की गोद में गरीब जनता को रहने का अधिकार नहीं है। कुम्भ मेला और सड़क चौड़ीकरण के नाम पर झुग्गी-झोपड़ी वाले छोटे दुकानदारों, व्यापारियों को, जो वहाँ पचासों साल से रह रहे थे, ऐसे हजारों लोगों को बिजली का बिल, हाउस टैक्स, पानी का बिल एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट देने का भी अधिकार था। आज उनके मकानों एवं दुकानों को तोड़कर उन्हें बेरोजगार कर दिया गया है। वे लोग आज खुले आसमान के नीचे सोने और खाने के लिए मजबूर हैं।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूँ कि बेघर और बेरोजगार हुए लोगों के लिए खाने और रहने की व्यवस्था की जाए।

महोदया, मुझे केवल 20 सेकेंड का समय और दे दीजिए। मेरा यह विषय कुम्भ मेले से सम्बन्धित है।

माननीय अध्यक्ष: एक बार में दो विषय नहीं उठाए जाते हैं।

श्री नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल : महोदया, इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नम्बर 11 का कार्य एवं सरकुलेटिंग एरिया और फाफामऊ इलाहाबाद दोहरीकरण का कार्य कई वर्षों से चल रहा है। यह कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

माननीय अध्यक्ष: यह कार्य कुम्भ मेले के पहले हो जाएगा।

श्री नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल : रेलवे द्वारा टेन्डर कर दिया जाता है, लेकिन कार्य को शुरू नहीं करवाया जाता है। यह मेरा विषय कुम्भ मेले से सम्बन्धित है।

माननीय अध्यक्ष: मैंने बोल दिया है कि यह कार्य कुम्भ मेला से पहले हो जाए। आप जल्दी अपनी बात पूरी कीजिए।

श्री नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल : महोदया, वर्ष 2019 में बहुत बड़ा कुम्भ मेला होने वाला है। ये सभी कार्य वर्ष 2019 कुम्भ के पहले पूर्ण हो जाने चाहिए।

महोदया, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से माँग करता हूँ कि जितने भी कार्य कुम्भ मेला के नाम पर आबंटित किए गए हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए।